# अयोध्या में आवास बनाएंगे अमिताभ बच्चन

**संसू, अयोध्या :** बालीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अयोध्या में आवास बनाने की तैयारी में हैं। वह रामनगरी में आलीशान घर बनवाना चाहते हैं। उन्होंने सेवेन स्टार टाउनशिप 'द सरयू' में प्लाट खरीदा है। अभिनंदन मुंबई के डवलेपर द हाउस आफ अभिनंदन लोढ़ा के चेयरमैन हैं। सूत्रों के अनुसार उन्होंने अयोध्या और सरयू के बीच तिहुरा क्षेत्र में 10 हजार वर्ग फीट भूमि ली है, जिसकी कीमत 14 .5 करोड़ रुपए है। द हाउस आफ अभिनंदन लोढ़ा की ओर से बयान जारी कर महानायक से हुई डील को अभूतपूर्व बताया गया है। साथ ही कहा है कि द सरयू के प्रथम नागरिक के रूप में अमिताभ बच्चन शहर के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और इससे उत्तरोत्तर विकसित होती अयोध्या को नया आयाम मिला है। द हाउस आफ अभिनंदन लोढ़ा की ओर से अमिताभ बच्चन का भी बयान जारी किया गया। इसमें उन्होंने कहा, 'अयोध्या मेरे दिल में विशेष स्थान रखती है। सरयू से जुड़ाव की यात्रा यात्रा शुरू करने के लिए मैं बेहद उत्सुक हूं। मैं वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी में अपना घर बनाने के लिए तत्पर हूं।' सूत्रों के मुताबिक बिग बी की कंपनी के अधिकारी मंगलवार को जमीन की रजिस्ट्री के लिए आएंगे।



अमिताभ बच्चन